राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 25 जुलाई । राजस्थान सरकार के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्री लालचंद कटारिया तथा युवा मामले एवं खेल राज्यमंत्री श्री अशोक चांदना ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रातः 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान श्री लालचंद कटारिया तथा श्री अशोक चांदना ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से बड़ी संख्या आये में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। जनसुनवाई में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री राकेश पारीक, सचिव श्री भूराराम सिरवी एवं श्री राजेन्द्र मूण्ड ने सहयोग किया।

चतुर्वेदी ने बताया कि अगली जनसुनवाई बुधवार, दिनांक 27 जुलाई, 2022 को होगी। बुधवार, 27 जुलाई को स्वायत्त शासन मंत्री श्री शांति धारीवाल तथा उद्योग मंत्री श्रीमती शकुंतला रावत जनसुनवाई करेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री प्रशांत बैरवा, सचिव श्री मुकेश वर्मा एवं श्री सचिन सर्वटे इनका सहयोग करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter